**स्वतंत्रता दिवस** मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री ने किया ध्वजारोहण, जिले भर में हर्षोल्लास से मनाई गई आजादी की वर्षगांठ

# आन बान शान से लहराया तिरंगा



**जबलपुर।** स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगाँठ जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय पर सिविल लाइन स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया, जहां सुबह 9 बजे उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ध्वजारोहण किया तथा खुली सफेद जिप्सी में कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के साथ परेड का निरीक्षण किया। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का राज्य की जनता के नाम संदेश का सीधा प्रसारण हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी बधाई संदेश दिया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं अंगदान और देहदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों का सम्मान किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले शासकीय कर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

### इनकी रही उपस्थिति

मुख्य समारोह में राज्य सभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, जिला पंचायत की अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया, मध्यप्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रविकरण साहू, गैस अथोरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक अखिलेश जैन, रत्नेश सोनकर, संभागायुक्त धनंजय सिंह, पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा एवं उप पुलिस महानिरीक्षक अतुल सिंह उपस्थित रहे।



### स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत संस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं गई।



### आईजी, डीआईजी, एसपी ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन जबलपुर प्रमोद वर्मा ने पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज जबलपुर अतुल सिंह ने पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय, पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ध्वजारोहण कर तिरंगे झण्डे को सलामी दी एवं राष्ट्रगान उपरांत पुलिस परिवार एवं संस्कारधानी वासियों को स्वंतत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें दी।



### क्षेत्रिय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायधीश जे.के. पिल्लै की उपस्थिति में क्षेत्रिय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर में 79 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रिय भविष्य निधि आयुक्त- । राकेश सहरावत द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कलेक्टर कार्यालय में किया ध्वजारोहण



### महाप्रबंधक ने किया रेलवे स्टेडियम में ध्वजारोहण

पश्चिम मध्य रेलवे में मुख्य समारोह रेलवे स्टेडियम जबलपुर में आयोजित किया गया जहाँ महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय गान हुआ।रेलवे सुरक्षा बल, सेंट जोन्स एम्बुलेंस एवं स्काउट गाइड के बच्चों ने मार्च पास्ट परेड किया।



### मिलिट्री स्टेशन में 'हर घर तिरंगा' बाइक रैली

मुख्यालय मध्य भारत एरिया ने जबलपुर मिलिट्री स्टेशन में 'हर घर तिरंगा' बाइक रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज के औपचारिक ध्वजारोहण एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई।इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल पी. एस. शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया आदी उपस्थित थे।



### भाजपा कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय रानीताल में महानगर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान किया इसके पश्चात सभी ने मिलकर भारतमाता की सामूहिक आरती की।



### ए.पी.एन. इंस्टीटयूट में स्वतंत्रता दिवस मनाया

ए.पी.एन. ग्रुप आफ एजुकेशनल इंस्टीटयूट में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से गया। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने झंडा फहराया। इस अवसर पर संस्था के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर छत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ठा.शैलेन्द्र सिंह, अजीत श्रीवास्तव, प्रबंधक तुलसी दास द्रविड, धवल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



### सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा: महापौर

सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा, इस राष्ट्र भक्ति के भाव में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगर निगम परिसर में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, नेताप्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद अयोध्या तिवारी, निगमायुक्त प्रीति यादव ,अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद नगर निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को महापौर, निगमाध्यक्ष और निगमायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, मनोज श्रीवास्तव, अंजू सिंह ठाकुर, उपायुक्त संभव अयाची, अंकिता जैन, सहायक आयुक्त श्रीमती रचयिता अवस्थी, वेदप्रकाश, सुश्री अंकिता बर्मन, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव के साथ सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।



### प्रदेश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज तिलवारा में फहराया

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर प्रदेश का सबसे ऊंचा 75 मीटर का राष्ट्रध्वज तिलवारा स्थित गांधी स्मारक में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा फहराया गया।



### हवाबाग कॉलेज में ध्वजारोहण

हवाबाग कॉलेज जबलपुर में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रो. आलोक चंसोरिया, वंदना शर्मा द्वारा कॉलेज परिसर में ध्वजारोहण किया गया।

### वीयू में कुलगुरु ने किया ध्वजारोहण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में कुलगुरू डॉ. मनदीप शर्मा ने ध्वजारोहण किया।

### जनेकृविवि में कुलपति ने किया ध्वजारोहण

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर मुख्यालय स्थित जवाहर स्टेडियम में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण किया।

### व्हीएफजे में ध्वजारोहण, कार्मिकों को मिला पुरस्कार

व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।इस अवसर पर रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लगभग 35 अन्य कार्मिकों को सम्मानित किया।

### मां नर्मदा फूड इंडस्ट्रीज में ध्वजारोहण

मां नर्मदा फूड इंडस्ट्रीज में ध्वजारोहण किया गया। जिसमें प्रबुद्ध जन खेमराज झारिया, गोपाल खंडेल, भावना मरावी, मीना मेहरा, सुभाष डहेरिया, एन के दास, सुरेश करपेती आदि उपस्थित थे।

# हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की

**धूमधाम के साथ मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी**



**जबलपुर, नवभारत।** संसार मे अधर्मियो, पापियों, दुष्टों का संहार करने एवं धर्म की स्थापना के लिए त्रिदेवों को किसी न किसी रूप में हस्तक्षेप करना ही पड़ता है। इसी कार्य के निमित्त जगत के पालनहार श्री हरि विष्णु ने मानव अवतार लिया, श्रीकृष्ण के रूप में। इस अवतार में भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी को कंस और जालंधर जैसे पापी से मुक्ति दिलाई। वही रास रचाकर जगत में प्रेम सौहार्द, मित्रता, धर्म, स्नेह, त्याग का कीर्तिमान स्थापित किया। इसी कड़ी में शनिवार को धूमधाम के साथ जन्माष्टमी बनाई गई। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर शहर के सभी मंदिरों मे भारी भीड़ देखने को मिली। श्री कृष्ण के सनातन धर्म मंदिर से लेकर प्रेम मंदिर राइट टाउन तक रौनक देखते ही बन रही थी। शहर के सभी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ था एवं प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को माखन मिश्री वितरित की जा रही थी।

### आकर्षक थी सजावट

सभी मंदिरों में देर रात तक पूजन पाठ हुआ। मंदिरों में बाल गोपाल को झूला झुलाने के लिए पालने सजाए गए। कहीं फूल, तो कहीं आकर्षक झालरों की सजावट के साथ विशेष श्रंगार किया गया। रात्रि 12 बजे कान्हा जी के जन्म लेते ही मंदिरों में हाथी घोड़ा पाल की, जय कन्हैया लाल की आदि जयकारों का जयघोष होने लगा।

### नन्हे मुन्ने कन्हैया ने खींचा सबका ध्यान




जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री कृष्ण की कृपा पाने सनातन धर्म मंदिर पहुंचे चार महीने के नन्हे मुन्ने रुद्रांश श्रीवास्तव ने कतार में खड़े सभी भक्तों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। बदन पर पीला पीतांबर, शीर्ष पर मुकुट, गले में मोतियों की माला, हाथों में बांसुरी पकड़े रुद्रांश को भक्तों ने साक्षात श्री कृष्ण का रूप बताया।

### इनका कहना है



अल सुबह से ही भक्तों की भारी मंदिर में देखने को मिली। सभी भक्तों ने एक एक कर प्रभु के दर्शन किए।
**डंपी कोहली**



जगत के पालनहार सभी की रक्षा करेंगे। श्री कृष्ण की महिमा ही निराली है।
**एस.के. कपूर**



भक्तों को प्रसाद में माखन मिश्री वितरित की गई। दिनभर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
**पंडित कपिल पुजारी**



श्री कृष्ण जन्माष्टमी में मंदिरों की रौनक देखते ही बनती है। प्रभु प्रेम के प्रतीक हैं। सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें प्रभु।
**ज्वाला पुंज**

# चल समारोह की शामिल हुई जीवंत झांकी





### नवभारत परिवार ने किया शोभायात्रा का पूजन- अर्चन

श्रीकृष्ण जमाष्टमी के पावन अवसर पर नवभारत परिवार द्वारा अपनी वर्षो पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी शोभायात्रा चल समारोह का भव्य रूप से पूजन अर्चन किया गया, तदोपरांत शोभायात्रा अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान हुई। इस अवसर पर नवभारत के संपादक अविनाश दीक्षित, एजीएम निर्मल सिंह परिहार, एचआर गोविंद दुबे, शरद कावरा, कौशलेश पांडे, हरि मेहरा, भरत रजक, अजहर खान, अमन पटेल, धनंजय श्रीवास्तव, विवेक दुबे, मनीष गुप्ता, रमेश साहू, रवि तिवारी, राहुल यादव, अनिल श्रीवास्तव, भरत पासी, योगेश रजक, सहित नवभारत परिवार के कई अन्य लोग उपस्थित थे।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शोभायात्रा चल समारोह निकला**

**जबलपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शोभायात्रा चल समारोह का आयोजन तीन पत्ती मुख्य बस स्टैंड से किया गया। शोभायात्रा चल समारोह में श्रीकृष्ण लड्डू गोपाल झूला, रास लीला, खटूंश्याम जी झांकी, यशोदा मैया, माखन मंथन, गोवर्धन पर्वत, अहीर नृत्य की टोली, डी जे, अखाड़े, ढोल, बैण्ड, धमाल की टीम आदि शोभायात्रा चल समारोह में सम्मिलित हुई। शोभायात्रा चल समारोह में प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, सुभाष यादव, शिव यादव, सुनील यादव, प्रदीप यादव, दिनेश यादव, पूर्व विधायक संजय यादव, सचिन यादव, राममिलन यादव, शशांक यादव, सर्वेश यादव, परमू यादव एवं हजारों की संख्या महिलाएं विनीता यादव, कमलेश यादव, तृप्ति यादव एवं स्वजातीय बन्धु उपस्थित थे।

**समरसता सेवा संगठन ने किया शोभायात्रा का स्वागत**

सनातन धर्म महासभा के तत्वाधान में निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन के नेतृत्व में मालवीय चौक में किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन आदि उपस्थित थे।

**म.प्र. युवा रचनात्मक सद्भावना संगठन ने किया सम्मानित**

सनातन धर्म महासभा के तत्वाधान में निकाली गई भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा में सम्मिलित गणमान्य नागरिकगण, समस्त झाकियों के आयोजक एवं प्रस्तुतियों को बड़े फुहारा जवाहरगंज वार्ड घमण्डी चौक पर साहित्यिक, सामाजिक, संस्कृतिक संस्था म.प्र. युवा रचनात्मक सदभावना संगठन के प्रदेशाध्यक्ष एवं शहर कांग्रेस के समाजसेवी नेता मनोज नामदेव के संयोजन में संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया एवं वरिष्ट कांग्रेस नेता दिनेश यादव, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट मनीष मिश्रा, पूर्व विधायक संजय यादव, सहित कांग्रेस जनो ने शोभायात्रा में सम्मिलित झाकियों के आयोजकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

**शोभा यात्रा में सम्मिलित हुआ चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल**

श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम द्वारा जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक से दोपहर सजीव चलित झाकियों के साथ भव्य संकीर्तन शोभा यात्रा निकाली जाकर,श्री सनातन धर्म महासभा के मुख्य शोभा यात्रा में सम्मलित हुआ।



वामिका चौरसिया



शौर्य- श्रितिक साहू



अक्षया रजक, अक्षपा रजक



पवनी पीहू अग्निहोत्री

## जन्माष्टमी के अवसर पर नन्हें- मुन्हें बच्चे बने राधा- कृष्ण



शानवी तनु अवस्थी

### सुहाने न्यूज़ एजेंसी के संचालक राकेश सुहाने का आज जन्मदिन



**जबलपुर।** विराट व्यक्तित्व, प्यार,दोस्ती और सर्मपण की मिशाल, वादे का पक्का, खुशियो में किसी बच्चे सा मासूम और सभी में अपनेपन का अहसास कराने वाले सुहाने न्यूज़ एजेंसी के संचालक राकेश सुहाने का आज जन्मदिन है। एक ऐसा व्यक्तित्व जो अखबार विक्रेता बन्धुओं की सशक्त आवाज बन कर उठती है हर परेशानी में कंधे पर इनका हाथ महसूस किया जा सकता है। श्री सुहाने अखबार वितरित करने वाले बन्धुओं को लगभग तीन वर्षों से ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की यात्रा हर साल करवा रहे हैं। 125 लोगों के ग्रुप को यात्रा में ले जाना उनके रहने, खाने, घूमने और दर्शन के पश्चात् सकुशल वापस लाना पूरी यात्रा के दौरान बीच, बीच में गाड़ी रोक कर कुशल क्षेम पूछना चाय नाश्ता करवाना यह उनकी उदारता का परिचायक है। भाई राकेश सुहाने को उनके 60 वे वर्ष के जन्म दिन के अवसर पर धनीराम यादव, श्रीधर गुप्ता, बब्लू, बंटी सुहाने, देवेश महेश्वरी अजय राजपूत, सत्येन्द्र जैन, आकाश सिंह दोस्तों, परिचितों ने शुभकामनायें प्रेषित की हैं। नव भारत परिवार की ओर से भी भाई राकेश सुहाने जी को हार्दिक शुभकामनाएं।


NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग ● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्योरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

FIRST TIME IN INDIA
भारत में पहली बार एक मात्र आयुर्वेदिक सेंटर जहां पर ठीक होने के बाद पैसा देना पड़ता है
स्पर्श आयुर्वेदा रिसर्च
सुरक्षित आयुर्वेदिक उपचार
1013 नरसिंह बिल्डिंग अपना बाजार के सामने रानीताल चौक, जबलपुर
मो. नं. 8234092477, 9713951308, 9302791019
विशेष- एक दिन पहले नंबर लगाये।
उपलब्ध उपचार-
शुगर किडनी हार्ट ब्लाकेज सिरोसिस सफेद दाग लकवा माइग्रेन साईटिका घुटनों में दर्द एवं गेप सेक्स प्रॉब्लम (स्त्री/पुरुष) अस्थमा IBS PCOD/PCOS FATTY LEVER CANCER